प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
www.subhartimedia.com लखनऊ, मंगलवार, 29 जनवरी 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित खिलाड़ी कोटा तत्काल भरने का काम करें: योगी पेज-8

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनोखी उपलब्धि

लखनऊ। प्रभात

शिक्षाविद तथा सहजभाव से तकनीकी क्षेत्र में अनवरत जुड़े डा. भरत राज सिह लखनऊ शहर का एक ऐसा नाम है, जिन्होंने वर्ष 2004 से सरकारी सेवानिवृत्त के उपरांत शोध कार्य मे अनोखी पहल की। अपने पर्यावरण सरक्षण शोध के साथ-साथ, प्रदेश के तकनीकी शिक्षारत छात्र-छात्राओं में नवाचार नवपर्वरतन तथा स्टार्ट.अप के प्रति अलख जगाने का विशेष कार्य किया। आज शोध कार्य की प्रदेश मे जो संस्कृति पैदा हुई है या चल रही हैए उसमे इनका भी बहुत बडा योगदान है। पिछले वर्ष अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय ने डा0 सिह को शिक्षक दिवस पर इनके द्वारा शिक्षा जगत मे अद्वतीय कार्य किये जाने हेतु बेस्ट टीचर अवार्ड से भी नवाजा था।

पिछले 6 वर्षों के शोधकार्यों के जर्नल पेपर्स की समीक्षा का कार्य इन्हें एल्सेवियर (स्कोपस) जैसे जर्नल का मिला हुआ है, जिसमें इन्होने 149 शोध पेपर्स इनेर्जी जर्नल्स तथा 12 शोध पेपर्स इनेर्जी

प्रो.भरत राज सिंह
महानिदेशक, एसएमएस

कंवर्जन मैंनेजमेंट जर्नल्स की समीक्षा की तथा इन्हे द्विवर्षीय आकलन मे लगातार 2014, 2016 व 2018 में 'आउटस्टंडिंग रिव्युवर' के खिताब से नवाजा गया है। इसके अतिरिक्त इन्हे विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स यानी टेलर्स एंड फ्रांसिस, लंदन, अमेरिकन जर्नल ओफ फिसिक्स, यूएस, इस्टीत्यूशन ऑफ मेकनिकल इंजीनियर्स, लंदन आदि लगभग 45 जर्नल्स मे भी लगभग 350 से अधिक शोधपत्रो की समीक्षा बिगत 6.वर्षो मे की जो अपने मे ही एक अद्वतीय रिकार्ड है।